EDII ने SVEP के तहत यूपी के 5 ब्लॉक्स में 3000 से अधिक उद्यमियों का सृजन किया

| Instant Khabar | 19 November 2019 |

लखनऊः उद्यमिता शिक्षा, अनुसंधान, प्रशिक्षण एवं संस्थागत निर्माण के लिए प्रख्यात राष्ट्रीय संसाधन संस्थान एंटरेप्रेन्यूरशिप डेवलपमेन्ट आफ इण्डिया (EDII) ने ग्रामीण विकास मंत्रालय के राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की एक उपयोजना स्टार्ट-अप विलेज एंटरेप्रेन्यूरशिप प्रोग्राम के तहत ग्रामीण आजीविका और रोज़गार को प्रोत्साहित किया है। संस्थान पिछले पांच सालों में उत्तरप्रदेश के 5 ब्लॉक्स में 3000 से उद्यमियों को बढ़ावा दे चुका है। कुल उद्यमियों में से 1519 महिलाएं, 1481 पुरूष हैं। उत्तरप्रदेश में संस्थान ने तप्पल, दुधी, चनवे, निघासन और अराजिलिने ब्लाॅक्स में इस परियाजना को अंजाम दिया है।

संस्थान गुजरात, मध्यप्रदेश, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, पश्चिम बंगाल, उड़ीसा, झारखण्ड, छत्तीसगढ़, तेलंगाना, पंजाब और उत्तरप्रदेश के 42 ब्लॉक्स में एसवीईपी को अंजाम दे चुका है। कुल मिलाकर संस्थान इन 11 राज्यों में 27400 से अधिक उद्यमियों का सृजन कर चुका है। इसके अलावा संस्थान ने आसाम और उत्तराखण्ड के 11 अन्य ब्लाॅक्स में इस प्रक्रिया को शुरू किया है। एसवीईपी गांवों में रहने वाले युवाओं को बड़ी संख्या में रोज़गार के स्थायी अवसर उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। यह बैंकों एवं वित्तीय संस्थानों को ग्रामीण उद्यमियों के करीब लाने के लिए काम करती है।

https://www.instantkhabar.com/item/2019-11-19-edii-svep.html